हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 4 जुलाई 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

सभी को कम से कम एक पौधा जरुर लगाना चाहिए : सिंह
4



## खबर संक्षेप

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए सक्ती में शिविर आज

**सक्ती।** सक्ती जिले में परिवहन विभाग द्वारा हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए कैम्प का आयोजन 4 जुलाई को तहसील कार्यालय परिसर सक्ती में 10.30 बजे से 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। एचएसआरपी कैम्प आयोजन का उद्देश्य जांजगीर चांपा और सक्ती जिले के समस्त पंजीकृत वाहनों में हाई सक्यूरिटी नम्बर प्लेट लगवाने सुनिश्चित करने हेतु आम जनता को प्रेरित किया जाना है। जिला परिवहन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार परिवहन विभाग के द्वारा कैंप में वाहन स्वामियों से उनके वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर, आधार चेक कर मोबाईल अद्यतन कर एचएसआरपी हेतु निर्धारित शुल्क सहित आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करवाया जावेगा। जांजगीर चांपा और सक्ती जिले के समस्त पंजीकृत वाहन स्वामी को परिवहन विभाग द्वारा सूचित किया गया है कि यथाशीघ्र अपने वाहनों में हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगवाना सुनिश्चत करें ताकि अनावश्यक परेशानी व जुर्माना से बचा जा सके। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट आवेदन के लिए मूल आर सी, आधार और वाहन स्वामी का मोबाईल नंबर लाना आवश्यक है।

### देखरेख के अभाव में प्री पेड ऑटो बूथ कबाड़ में हो रहे तब्दील

**जांजगीर-चांपा।** यात्रियों की सुविधा के लिए खोले गए प्री पेड ऑटो बूथ का संचालन सालभर में ही बंद हो गया है। अब ये ऑटो बूथ महज शो पीस बनकर रह गए हैं। इसके साथ ही आटो बूथ कबाड़ में तब्दील होते जा रहे है। ऐसे में यात्रियों को अधिक किराया देकर ऑटो से सफर करना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय जांजगीर के रेलवे स्टेशन और कचहरी चौक में यात्रियों की सुविधा के लिए साल 2018 में प्री पेड ऑटो बूथ खोले गए। इन बूथों के संचालन की जिम्मेदारी यातायात विभाग को दी गई। शुरुआती दौर में कुछ दिनों तक दोनों बूथ में यातायात शाखा के सिपाहियों को तैनात किया गया और बूथ का संचालन भी हुआ, लेकिन समय के साथ यातायात विभाग के नुमाईंदों ने इससे मुँह फेर लिया। आलय यह है कि अब ये बूथ खुल ही नहीं रहे। काफी समय से प्री पेड ऑटो बूथ की सेवा का लाभ यात्रियों को नही मिल पा रहा।

### प्राकृतिक आपदा से राहत के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**जांजगीर-चांपा।** मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव और राहत व्यवस्था के संबंध में बाढ़ अतिवृष्टि की स्थिति पर सतत निगरानी रखने तथा सूचना के आदान-प्रदान हेतु जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में की गई है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक-07817222032 है। अपर कलेक्टर श्री आर के तंबोली को नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन 31 तक

**जांजगीर-चांपा।** पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई तक निर्धारित है। यह पुरस्कार 5 से 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चों को दिया जाएगा। जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला-संस्कृति और विज्ञान प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में असाधारण प्रदर्शन किया है। पात्र बच्चों के लिए नामांकन की आयु सीमा 5 से 18 वर्ष निर्धारित है। नामांकन के लिए पंजीकरण के दौरान आवेदकों को अपना नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, ईमेल, आधार संख्या सहित अन्य जानकारी देना अनिवार्य है। अधिक जानकारी व आवेदन के लिए पर विजिट करें। सरकार का उद्देश्य इन पुरस्कारों के माध्यम से देशभर के युवाओं की प्रेरणादायक उपलब्धियों को पहचान देना और बच्चों के समग्र विकास के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना है।

## स्कूल खुलने के पखवाड़े भर बाद भी यूनिफार्म का वितरण नहीं

# फटे-पुराने कपड़ों में शाला प्रवेशोत्सव नए गणवेश का अब तक पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राज्य शासन के निर्देशानुसार नए शिक्षा सत्र में जगह जगह सरकारी स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा है, जहां ना केवल अधिकारी बल्कि जनप्रतिनिधि भी शामिल होकर शासन की योजनाओं का बखान कर रहे है, लेकिन फटे-पुराने कपड़ों में स्कूल आने वाले बच्चों के यूनिफार्म का किसी का ध्यान नहीं है। शिक्षा सत्र आरंभ होने के पखवाड़े बाद भी शासकीय स्कूलों के बच्चों को गणवेश नहीं मिल सका है।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले के 5 ब्लाक में 13 सौ से अधिक शासकीय स्कूल संचालित है। इनमें प्रायमरी एवं मीडिल स्कूलों की संख्या तकरीबन 12 सौ के करीब है, जहां पढ़ने वाले बच्चों को शासन के नियमानुसार निःशुल्क गणवेश वितरण किया जाता है। इस साल भी जिले के 767 प्राथमिक शाला एवं 408 पूर्व माध्यमिक शालाओं में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या समय से पहले ही विभाग द्वारा भेजी गई थी, ताकि नए शिक्षा सत्र में बच्चों को निःशुल्क गणवेश उपलब्ध कराया जा सके। विभागीय जानकारी के मुताबिक जिले मे प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के 1 लाख 5 हजार 503 छात्रों को करीब 2 लाख 11 हजार यूनिफार्म सेट वितरण किया जाना है। नियमानुसार नए शिक्षा सत्र के आरंभ होने के साथ ही स्कूलों में निःशुल्क गणवेश का वितरण होना था, ताकि नए सत्र में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव में नए पोशाक में बच्चे शामिल हो सके, परंतु जांजगीर चांपा जिले में शिक्षा सत्र आरंभ के 18 दिनों बाद भी निःशुल्क गणवेश का कही कोई अता पता नहीं है। स्थिति यह है कि शासकीय स्कूल में पढने वाले बच्चों को अपने पिछले साल के फटे पुराने गणवेश को पहनकर स्कूल आना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि शाला प्रवेशोत्सव के आयोजन को लेकर शासन द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। इसके तहत शालाओं में प्रवेशोत्सव का आयोजन स्थानीय जनप्रतिनिधि और अफसरों की उपस्थिति में बडे तामझाम के साथ किया जा रहा है। इसको लेकर दुनिया भर के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। स्वागत सत्कार के साथ शिक्षा की महत्ता और शासन की योजनाओं का बखान भी खूब किया जा रहा है, लेकिन अफसोस अफसरों और नेताओं की बातों को सुनने वाले सरकारी स्कूल के बच्चे वहीं फटे पुराने मैले कपडों में रहते है, परंतु इस पर किसी का ध्यान नहीं होता। कुल मिलाकर शासन द्वारा शिक्षा को लेकर जहां पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है। दुनिया भर की योजनाएं चलाई जा रही है, लेकिन इसका सही समय पर समुचित क्रियान्वयन कही नजर नहीं आ रहा है।



### 137 सरकारी स्कूलों में शौचालय जर्जर

जांजगीर चाम्पा जिले में 1 हजार 340 सरकारी स्कूलो का संचालन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा किया जा रहा है। इनमें से 137 स्कूलो में शौचालय की स्थिती काफी जर्जर है। जिसके चलते छात्र छात्राओ को प्रसाधन के लिए इधर उधर भटकना पडता है। खासकर प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलो में इस तरह की समस्या ज्यादा है। छात्रो की इन समस्याओ को लेकर जिम्मेदार स्कूल के प्रधान पाठक के साथ साथ जनप्रतिनिधि एवं विभाग के अफसरो को इससे कोई सरोकार तक नही है। जिसका खामियाजा छात्रो को भुगतना पडता है।

### कराया गया अवगत

प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के 1 लाख 5 हजार से अधिक छात्रो को करीब 2 लाख 11 हजार युनिफार्म सेट का वितरण किया जाना है। गणवेश अभी नही आया है। इसे लेकर विभाग के अफसरो को अवगत कराया गया है। गणवेश आते ही वितरण प्रारंभ किया जाएगा।

**-अश्वनी भारद्वाज,**
डीईओ, जांजगीर

## टापू बना विश्राम गृह...



**मालखरौदा।** मालखरौदा विश्रामगृह परिसर इन दिनों टापू में तब्दील हो गया है। बरसाती पानी के जमाव से चहूंओर पानी ही पानी नजर आ रहा है। स्थिति यह है कि विश्राम गृह पहुंचने परिसर में बने घुठने भर पानी को पार करना पड़ता है। खास बात यह है कि पिछले साल भी बारिश में यही स्थिति बनी थी। बावजूद इसके यहां पानी निकासी की व्यवस्था नहीं हो सकी है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग की कार्यपालन अभियंता प्रियंका मेहता का कहना है कि यदि इस तरह की स्थिति बन रही है तो जानकारी ली जाएगी और शीघ्र व्यवस्था बनाई जाएगी।

# नीली बत्ती का रौब, यातायात पुलिस ने स्कार्पियों को पकड़कर ठोंका जुर्माना

## नगर सेना के निलंबित जवान के खिलाफ हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर में नीली बत्ती के दुरूपयोग का मामला सामने आया है। मिली शिकायत और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर यातायात पुलिस ने नीली बस्ती के साथ एक स्कार्पियो वाहन को पकड़ा। इस दौरान उसका उपयोग करने वाले पर 2 हजार रुपए का जुर्माना ठोंका गया। बताया जाता है कि नगर सैनिक का निलंबित जवान अपने वाहन में नीली बत्ती लगाकर घुम रहा था।

इस संबंध में यातायात पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार काले रंग की नई स्कार्पियो में नीली बत्ती लगाकर दुरूपयोग किए जाने की गुप्त सूचना यातायात विभाग को मिली थी। ऐसी स्थिति में यातायात की टीम ने निगरानी रखनी शुरू की। बताया जाता है कि इसी कडी में बुधवार 2 जुलाई की रात्रि करीब 8 बजे कचहरी चौक के पास स्कार्पियो कमांक सीजी 11 बीएफ 8413 को नीली बत्ती के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि गाड़ी में नगर सैनिक का निलंबित जवान प्रफुल्ल तिवारी था, जिस पर यातायात पुलिस ने नीली बत्ती का दुरूपयोग करने के मामले में 2 हजार रुपए का जुर्माना किया। यातायात पुलिस के मुताबिक इस दौरान बतौर साक्ष्य पीछे के चौक चौराहों के सीसीटीवी फुटेज भी निकवाए गए। जिसमें उक्त वाहन में नीली बत्ती का प्रयोग होना पाया गया। इस दौरान वाहन में कोई भी अधिकृत अधिकारी नहीं थे, ना ही उक्त वाहन नीली बत्ती के प्रयोग वाली रही। ऐसे में नीली बत्ती के दुरूपयोग का मामला बनाकर चालान काटा गया।



सीसी टीवी फुटेज के आधार पर पकड़ा गया जवान।

### किए है कार्रवाई

नीली बत्ती का दुरूपयोग करते नगर सेना के निलंबित जवान को कचहरी चौक के पास स्कार्पियो वाहन में पकड़ा गया। उस पर 2 हजार रुपए का जुर्माना किए है। आगे भी कार्रवाई होगी।

**-उदयन बेहार,**
एडीशनल एसपी, ट्रैफिक

# मारपीट कर गुंडागर्दी करने वाले दो आदतन बदमाशों का शहर में निकाला गया जुलूस



शहर के बीच बदमाशों का जुलूस निकालते पुलिसकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मारपीट कर गुंडागर्दी करने वाले दो आदतन बदमाशों का जुलूस निकाला गया। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम लोहर्सी का है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 1 जुलाई को दोनों आदतन बदमाश खरौद निवासी स्वपनिल यादव उम्र 21 वर्ष ने लोहर्सी शराब दुकान के पास स्थित चखना दुकान में बैठे एक व्यक्ति से शराब पीने के लिए पैसे मांग की नहीं देने पर गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। जिसके आधार पर धारा 119(1), 296, 351(3), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आदतन बदमाश स्वपनिल यादव उम्र 21 वर्ष निवासी खरौद, थाना शिवरीनारायण अपराधिक प्रवृत्ति का है जिसके खिलाफ गुंडा-बदमाश के तहत कार्यवाही प्रचलित है। आरोपी अनुराग उर्फ लक्की यादव उम्र 24 वर्ष निवासी खरौद जिसका नाम पूर्व से गुंडा सूची में शामिल है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेजा जा चुका है। दोनों आरोपियों के द्वारा क्षेत्र में लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता पाए जाने के कारण हिस्ट्रीशीट तैयार की जा रही है, तथा गुंडा सूची में शामिल करने की कार्यवाही गतिमान है। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को ग्राम खरौद में गिरफ्तार कर जनसुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ाने के लिए दोनों बदमाशों का सार्वजनिक जुलूस निकाला गया। पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय ने कहा कि आदतन बदमाशों को आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने पर अब उनका जुलूस निकाला जाएगा।

### 350 ग्राम गांजा के एक आरोपी पकड़ा गया



**जांजगीर-चांपा।** बेलदियाडीह मोड के पास 350 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को बलौदा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बलौदा पुलिस को मुखबीर के माध्यम से सूचना मिली कि बेलदियाडीह मोड बलौदा के पास एक व्यक्ति गांजा रखा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए उसकी तलाशी ली। आरोपी शांतनु पटेल उम्र 24 वर्ष के कब्जे से 350 ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्व थाना बलौदा. में धारा एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# सपनई नाला से 2 फीट ऊपर बह रहा पानी, आवागमन हो रहा प्रभावित


हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

मालखरौदा क्षेत्र के आडिल स्थित सपनई नाला से 2 फीट ऊपर पानी बह रहा है। जिसके कारण आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर मार्ग से आवागमन करने वाले स्कूली बच्चों को अधिक परेशानी हो रही है।

ज्ञात हो कि सक्ती जिले के साथ मालखरौदा क्षेत्र में इन दिनों लगातार बारिश हो रही है। जिसके चलते ग्राम पंचायत आडिल के सपनई नाला से 2 फीट ऊपर पानी बह रहा है। जिसके कारण आवागमन करने वाले लोग हलाकान हो रहे है। खासकर स्कूली छात्र छात्राओं की परेशानी बढ़ी हुई है। गुरूवार 3 जुलाई की शाम 5 के बाद से लगातार पानी बढ़ना शुरू हो गया था ऐसे में लोग जान में जोखिम में डालकर पुल को पार कर रहे थे।



### साफ सफाई नहीं होने से गली में भरा बरसाती पानी



**बिर्रा।** नाली की साफ सफाई नही होने के कारण गली में पानी का भराव रहता है। जिसके कारण पढ़ने वाले बच्चों को घुटने भर पानी से पार होकर अपने विद्यालय जाना पड़ता है। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत सबसे अंतिम ग्राम पंचायत गतवा के सरपंच सचिव की उदासीनता के कारण आज ग्राम का विकास कार्य नहीं दिख रहा है, जबकि ग्राम विकास के लिए लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। नाली का पानी भराव होने के कारण नाली से पानी बाहर नहीं निकल रहा है। साथ ही पानी घुटने भर होने के कारण। पढ़ने वाले बच्चों को अपने विद्यालय जाने के लिए पानी पार करके जाना पड़ता है साथ ही पानी में जीव जन्तु विषैले जानवर का डर समाया रहता है तथा कभी भी पानी में बच्चों को पार करने में हमेशा खतरा बना रहता है। वास्तव में इस दिशा में सरपंच सचिव के व्दारा कोई भी सकारात्मक पहल नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण ग्राम के लोगों में सरपंच सचिव के प्रति रोष व्याप्त है।

## पुलिस अधीक्षक ने शाखा प्रबंधकों की बैठक लेकर दिए निर्देश

# बैंकों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के साथ सुरक्षाकर्मियों की करें तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सभी बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखकर पुलिस अधीक्षक ने शाखा प्रबंधकों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने बैंकों में सीसी टीवी कैमरा लगाने के साथ सुरक्षाकर्मियों की तैनाती अनिवार्य रूप से करने निर्देशित किए।

विदित हो कि लुट, चोरी की घटना न हो जिसको मद्देनजर रखते हुए बुधवार 2 जुलाई को पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने एसपी कार्यालय के सभाकक्ष में ब्रांच मैनेजरों की बैठक लेकर दिशा निर्देश जारी किए। मीटिंग के दौरान उपस्थित बैंक प्रबधको को बैंक सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सभी बैंक शाखाओ में अनिवार्य रूप से अलार्म सिस्टम, सीसीटीवी कैमरा लगावे एवं प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मी तैनात की जावे, मुख्य शाखा से नगदी केश लाने ले जाने के दौरान सशस्त्र गार्ड आवश्यक रूप से रखे, उठाईगिरी अधिकांश बैंको के आस पास ही होती है, बैंको के बाहर ठेला वालो को हटावे, बैंक सुरक्षा गार्ड को बैंक परिसर में लगातार घूमने एवं संदिग्ध व्यक्तियों नजर रखे हेतु निर्देशित करे, बैंक में आने जाने वाले ग्राहकों के लिए पंजी संधारण करने सहित अन्य दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप द्वारा पुलिस कार्यालय के सभा कक्ष में जिले के विभिन्न बैंको के शाखा प्रबंधकों का बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान उपस्थित बैंक प्रबंधकों को अपने- अपने बैंकों में अलार्म सिस्टम सीसीटीवी कैमरा प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड तैनात करने हेतु निर्देश किया गया। साथ ही नजदीकी थाना एवं पुलिस कंट्रोल रूम का मोबाइल नंबर रखने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया। मुख्य शाखा से नगदी केश लाने ले जाने के दौरान सशस्त्र गार्ड आवास्यक रूप से रखे, बैंक सुरक्षा गार्ड को, बैंक परिसर में लगातार घूमने एवं संदिग्ध व्यक्तियों नजर रखे हेतु निर्देशित करने हेतु बैंक शाखा प्रबंधको को निर्देशित किया गया। पेट्रोलिंग करने तथा रात्रि गस्त बैंको के आस पास उचित पुलिस बल लगाने हेतु थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया।



बैंक प्रबंधकों की बैठक लेते पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय।

# अलग-अलग जगहों से 92 लीटर महुआ शराब के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अलग अलग जगहों पर दबिश देकर 4 आरोपियों के कब्जे से 92 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 47 पाव देशी प्लेन शराब जब्त किया है। उक्त आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 3 जुलाई को पुलिस ने अलग अलग जगहों पर दबिश देकर 4 आरोपियों के कब्जे से 92 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 47 पाव देशी प्लेन शराब जब्त किया है। थाना जांजगीर क्षेत्र में धीरज कुमार सारथी निवासी सारथी मोहल्ला के कब्जे से 60 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं 15 पाव देशी प्लेन शराब, खरौद निवासी कुश कुमार नोनिया, रोहित नोनिया के कब्जे से 25 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब, बलौदा क्षेत्र में आशिष तंबोली के कब्जे से 32 पाव देशी प्लेन शराब पुलिस सहायता केन्द्र राहौद क्षेत्र में लेच्छ राम साहू के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब जुमला शराब 12 हजार 960 रूपए को बरामद किया जाकर आरोपियों के विरूद्व धारा 34 (2) भादवि. के तहत अपराध पंजीबद्व किया।



**खबर संक्षेप**

## सेवानिवृत्त होने पर पूर्व बीईओ को दी गई विदाई



**मालखरौदा।** ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चरोदा में 30 जून को पदस्थ व्याख्याता एवं पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी मालखरौदा शिवदयाल सिदार का सेवानिवृत्ति होने पर ग्राम ढिमानी में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहनलाल प्रधान ने गुलदस्ता भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। श्री सिदार ने बताया कि वह अपने शिक्षक कार्यकाल में 1989 से सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला जोगीडीपा से शुरू किया था। इसके बाद 1997 में शैक्षिक समन्वयक संकुल केंद्र आडिल में सेवा दिया जबकि 2006 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आडिल में पदस्थ हुए 2009 में वे सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रहे तो 2011 में भी विकासखंड शिक्षा अधिकारी मालखरौदा की पद पर पदस्थ रहे। 2013 में उनका स्थानांतरण पामगढ़ ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ जहां में प्रभारी प्राचार्य रहे। इसी प्रकार 2016 में प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चरोदा रहे जबकि 2018 में हुए सारसकेला में व्याख्याता रहे। इसी प्रकार 2019 में भी पुनः प्रभारी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चरोदा में सेवा दिए। इस अवसर पर प्राचार्य पी एस परिहार सारसकेला, कुमारी चंद्रकला भारद्वाज प्राचार्य चरोदा के अलावा अन्य स्कूलों के शिक्षक उपस्थित थे। वहीं विदाई समारोह खत्म होने पर उन्हें रथ में बैठकर स्कूल से घर तक पहुंचाया गया जहां बड़ी संख्या में ग्राम वासी शामिल हुए।

## हज यात्रा से वापस लौटे हाजियों का किया गया स्वागत



**अकलतरा।** नगर के मुस्लिम समाज के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद इमरान अपने पत्नी शाहिना खातून के साथ इस वर्ष हज यात्रा में शामिल होकर शिवनाथ एक्सप्रेस से वापस पहुंचने पर मुस्लिम समाज की महिलाएं पुरुषों एवं मित्रों ने रेलवे स्टेशन पर उनका स्वागत किया। रेलवे स्टेशन से बाहर निकलने पर आटो संघ द्वारा रेलवे स्टेशन में स्वागत किया तथा जगह-जगह स्वागत करते हुए हाजियों को उनके निवास स्थान पहुंचाया। उल्लेखनीय है कि उक्त हाजी 23 मई को हज पर रवाना हुए थे तथा 40 दिनों के इस सफर में अल्लाह का घर काबा शरीफ एवं पैगम्बर ईस्लाम मोहम्मद साहब का घर मदीना की ज्यारत कर वापस पहुंचे। इस अवसर पर आटो संघ के सदस्य एवं हाजी इस्माईल, हाजी शहनवाज खान, शहज़ादा खान, जैनुल खान, मोहम्मद लुकमान, मुकिद, इकबाल,अब्दुल मोईद, महेश्वर टण्डन, वार्ड की पार्षद माधुरी पालीवाल मुर्तजा खान, गज्जू खान, अजमेर खान, मुनाफ मेमन, मुस्ताक मेमन, अहमद मेमन, शमशेर खान, शाहबाज आलम, सोहेल खान, अलीम पटवारी, मेराज खान, साहिल सौदागर, वदूद खान, नाफ़िज़ खान, असलम अली, सगीर अली, अरमान खान, इकबाल खान, रसीद खान, लतीफ खान, सलीम सौदागर लाला मेनन सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

**निधन**

### श्रीमती राही बाई कश्यप

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम तागा की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती राही बाई कश्यप का गुरुवार 3 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शमिल हुए। वे गणेश राम कश्यप, कृष्ण कुमार कश्यप एवं मोहनलाल कश्यप की माता थीं। साथ ही वर्तमान जनपद पंचायत सदस्य पप्पू कश्यप की दादी थीं।



स्कूल बिल्डिंग जर्जर होने पर सालभर पूर्व दिया गया है डिस्मेंटल करने का आदेश, ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त

# विद्यालय भवन जर्जर, टपकते छत के नीचे एक कमरे में पहली से पांचवीं तक की हो रही पढ़ाई



इसी जगह पर लगती है बच्चों की कक्षा।



छत से टपकता है पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

ग्राम कुरियारी के महावीर मोहल्ला में बच्चों की पढ़ाई छत टपकने के नीचे चल रही है। यहां का स्कूल बिल्डिंग जर्जर हो गया है। जिला प्रशासन द्वारा एक साल पहले स्कूल भवन को डिस्मेंटल करने का आदेश दिया गया है। स्कूल प्रबंधन द्वारा जगह की मांग करने पर पंचायत द्वारा बच्चों की पढ़ाई के लिए पुराने पंचायत भवन का एक कमरा दिया गया है, जहां पहली से लेकर पांचवीं तक की कक्षा संचालित हो रही है। यह भवन भी जर्जर होने के चलते टपकती छत के नीचे एक कमरे में पहली से पांचवीं तक की पांच कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

ग्राम कुरियारी के महावीर मोहल्ला में स्थित शासकीय नवीन प्राथमिक शाला के बच्चे पिछले एक साल से परेशानी के बीच पढ़ाई करने को मजबूर हैं। एक साल पहले स्कूल भवन को डिस्मेंटल करने का आदेश तो दे दिया गया, लेकिन निर्माण शुरू नहीं हो सका। नतीजा बच्चों की पढ़ाई अब बारिश में टपकती छत के नीचे हो रही है। बरसात के दिनों में हालात और बदतर हो जाते हैं। न बच्चों को बैठने की जगह मिल रही न शिक्षकों को पढ़ाने का माहौल। विद्यालय पूरी तरह जर्जर हो चुका है। ग्राम पंचायत ने नया भवन होते हुए भी जर्जर पंचायत भवन दे दिया दिया है। प्रधान पाठक पूष राम कश्यप ने पंचायत से वैकल्पिक जगह मांगी तो पंचायत ने पुराने पंचायत भवन को स्कूल संचालन के लिए दे दिया, लेकिन वह भी उतना ही खस्ताहाल है।

टपकती छत और एक कमरे में पहली से पांचवीं तक की पांच कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। ग्राम पंचायत में नया पंचायत भवन भी बना है, जिसमें कई कमरे खाली हैं, लेकिन उसे बच्चों की पढ़ाई के लिए नहीं दिया गया। यह निर्णय पंचायत पर सवाल खड़े करता है। प्रधान पाठक पूष राम कश्यप ने पंचायत और शिक्षा विभाग से मांग की है कि स्कूल को अस्थायी रूप से नवीन पंचायत भवन में शिफ्ट किया जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा बनी रहे। उन्होंने कहा एक कमरे में पांच कक्षाएं चलाने में परेशानी होती है। न बच्चों के भविष्य के लिए सुरक्षित। इसके चलते महावीर मोहल्ला के ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। वे कहते हैं कि बच्चों को जानबूझकर उपेक्षित किया जा रहा है। नया पंचायत भवन खाली है, लेकिन स्कूल को उसमें नहीं चलाया जा रहा। यह बच्चों के साथ अन्याय है।

**न हैंडपंप चालू, न मिड-डे मील की रसोई**-विद्यालय परिसर में दो हैंडपंप हैं, लेकिन दोनों खराब हैं। पीने का पानी बच्चों को बाहर से लाना पड़ रहा है। वहीं, पंचायत भवन में मिड-डे मील बनाने के लिए रसोई की व्यवस्था नहीं है। बच्चों को घर से खाना लाना पड़ रहा है। इससे कई गरीब बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।



## सिवनी-सुखरीकला मार्ग गड्ढों में तब्दील, आवागमन में परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

सिवनी-सुखरीकला मार्ग भारी वाहनों के दिन रात चलने से गड्ढों में तब्दील हो गया है। बरसात के मौसम होने से इस मार्ग पर लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। जगह-जगह सड़क उखड़ गई और गिट्टी ही गिट्टी दिखाई दे रहीं है। वहीं सड़क पर जानलेवा बड़े बड़े गड्ढे बन गए है। इस मार्ग पर गाड़ी पंचर हो रहीं है। सिवनी क्षेत्र के ग्रामीणों ने इसकी लिखित शिकायत कलेक्टर के जनदर्शन में की है, बावजूद इसके उक्त मार्ग पर भारी वाहनों के परिचालन पर प्रतिबन्ध नहीं लगाया गया है।

सिवनी-सुखरीकला सड़क मार्ग पर सिवनी समेत बालपुर, बहेराडीह, जाटा, देवरी, अमरुआ, बघौदा, दारंग और अन्य दर्जनभर गावों के लोगों का आवागमन प्रतिदिन होता है। इसी मार्ग से ही क्षेत्र के स्कूली छात्र चात्राएं चाम्पा स्थित कॉलेज पढ़ाई के लिये आना जाना करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यहां फैक्ट्री खुलने के पूर्व इस सड़क मार्ग की स्थिति अच्छी थीं और क्षेत्र के लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होती थीं, लेकिन ज़ब से यहां फैक्ट्री का संचालन हो रहा है तब से इस सड़क मार्ग की हालत बद से बदतर हो गईं है। वर्तमान में जगह-जगह सड़क उखड़ गई और गिट्टी ही गिट्टी दिखाई दे रहीं है। वहीं सड़क पर जानलेवा बड़े बड़े गड्ढे बन गए है। बारिश होने से गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे लोग गिर रहे हैं। वहीं गाड़ी पंचर हो रहीं है। ग्रामीणों के द्वारा कलेक्टर के जनदर्शन में कई बार भारी वाहनों पर प्रतिबन्ध लगाने को लेकर लिखित रूप में मांग किया जा चुका है, बावजूद इसके न ही भारी वाहनों पर प्रतिबंध लग रहा है और ना ही सड़क की मरम्मत हो रही है। ग्रामीणों की इस तरह की समस्या से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी कोई सरोकार नहीं है।


## फिल्म मैं राजा तैं मोर रानी नई कहानी व नये संगीत के साथ छत्तीसगढ़ी सिनेमा को देगी एक नया मोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

छत्तीसगढ़ की बहुप्रतीक्षित और चर्चित फिल्म ''मैं राजा तैं मोर रानी'' का प्रदर्शन शुक्रवार 4 जुलाई से पूरे प्रदेश के साथ नगर के सिनेमाघरों में किया जायेगा।

स्थानीय मुकुन्द मल्टीप्लेक्स के कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए फिल्म निर्माता मोहन सुंदरानी, विजय सुंदरानी, निर्देशक भूपेन्द्र चंदनिया तथा हीरो दीपक साहू ने बताया की कार्यकारी निर्माता के रूप में प्रदेश के सबसे युवा निर्माता निखिल सुंदरानी इसके साथ जुड़े है। फिल्म के निर्माण में एक वर्ष का कठिन परिश्रम लगा जिसके बाद 4 जुलाई से यह फिल्म प्रदर्शन के लिए तैयार है। निर्माता मोहन सुंदरानी व विजय सुंदरानी ने बताया कि यह फिल्म नई कहानी व नये संगीत के साथ छत्तीसगढ़ी सिनेमा को एक नया मोड़ देगी। फिल्म में अभिनेता दीपक साहू तथा अभिनेत्री एल्सा घोष की हिट जोड़ी एक बार फिर से दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है। फिल्म में सहयोगी कलाकार के रूप में मनोज जोशी, अंजली सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह ठाकुर, अंशुल अवस्थी, मोहन चैहान, प्रकाश, क्रांति दीक्षित, पप्पू चंद्राकर और संजय जैन जैसे प्रतिभाशाली कलाकार शामिल है। उन्होंने बताया कि फिल्म का समस्त पोस्ट-प्रोडक्शन कार्य जिसमें रिकॉर्डिंग, संगीत, डबिंग, मिक्सिंग आदि कार्य रायपुर में ही पूर्ण किये गये है। फिल्म की लोकेशन यही हुई है। इस फिल्म से नये निर्देशक भूपेन्द्र चंदनिया को लेखन और संवाद जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गयी है जो छालीवुड के लिए वरदान साबित होंगे। इसके बाद उन्हें बड़े निर्देशकों में गिना जायेगा। फिल्म हर वर्ग के दर्शकों को बेहद पसंद आयेगी। फिल्म में संगीत उत्तम तिवारी का है जिसके गाने अत्यंत लोकप्रिय हो चुकें है। गीतों को स्वर गायक सुनील सोनी, अनुराग शर्मा, अनुपमा मिश्रा, अलका चंद्राकर, कंचन जोशी, चंपा निषाद और प्रदेश की उभरती नयी गायिका कोरबा निवासी ज्योति कंवर ने दिया है। फिल्म के निर्देशक भूपेन्द्र चंदनिया ने उम्मीद जताई कि फिल्म प्रदेश के दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरकर सफलता के नये कीर्तिमान बनायेगी और संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करेंगी फिल्म 4 जुलाई को प्रदेश के सिनेमाघरों के साथ महाराष्ट्र और ओडिसा में भी प्रदर्शित होगी। चर्चा के दौरान प्रवक्ता माही साहू, ममता पटेल और मुकुन्द मल्टीप्लेक्स के संचालक दिनेश अग्रवाल भी मौजूद थे।

- फिल्म के निर्माता, निर्देशक व कलाकारों की पत्रकारों से चर्चा



पत्रकारों से चर्चा करते फिल्म के निर्माता, निर्देशक व कलाकार

## मातेश्वरी की शिक्षाएं दिव्य जीवन बनाने हेतु सबके लिए प्रेरणा स्रोत : शशिप्रभा

**अकलतरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 60वीं पुण्यतिथि के अवसर पर ब्रम्हाकुमारीज प्रभु अनुराग भवन कोटमीसोनार में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजनकिया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा ने कहा कि सन 1919 में अमृतसर में जन्मी मम्मा जिनका बचपन का नाम ओम राधे था। वह बाल्यकाल से ही शांत व तीव्र बुद्धिमत्ता वाली महिला थी। 1सन 1965 में 24 जून को उन्होंने अपनी नश्वर देह त्याग दी थी। परमात्मा के प्रति संपूर्ण निश्चय बुद्धि होने के कारण अनेक आध्यात्मिक परीक्षाओं में मातेश्वरी सदा सफल रहीं। वे परमात्मा की आज्ञाकारी रहीं व स्नेही शांत भाव से यज्ञ वत्सों की पालना करती थीं। मातेश्वरी जी का स्लोगन था हुकमी हुकुम चला रहा है व हर घड़ी अंतिम घड़ी है। मातेश्वरी की मधुर शिक्षाएं दिव्य जीवन बनाने हेतु सबके लिए प्रेरणा स्रोत है। कार्यक्रम में उपस्थित कन्याओं ने मातेश्वरी की दिव्य मधुर शिक्षाओं को आत्मसात कर जीवन में अपनाने का का संकल्प लिया। बच्चों के व्यक्तित्व में छोटे-छोटे अपितु दृढ़ता से परिवर्तन लाने की बधाई देते हुए शशिप्रभा दीदी ने कहा कि यह छोटे-छोटे परिवर्तन के संकल्पों का नवजीवन, नवयुग व नई सृष्टि बनाने में अहम भूमिका है। कार्यक्रम में बालिकाएं एवं यूवतियां बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।



**सपोस में स्वच्छता ही सेवा अभियान का हुआ आयोजन**

## हाट बाजार की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत ग्राम पंचायत सपोस में राष्ट्रव्यापी स्वच्छता ही सेवा अभियान स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर मनाया गया।

स्वच्छता ही सेवा अभियान का उद्देश्य स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में आमजन में अधिक से अधिक जागरूकता पैदा करना है, जिसमें पौधरोपण एक प्रमुख गतिविधि है। स्वच्छता ही सेवा अभियान 15 सितंबर 2018 को शुरू किया गया है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण भारत में पूर्ण स्वच्छता की दिशा में प्रयासों में तेजी लाना है। यह गांव के स्तर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए कचरे की सफाई और विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने के लिए एक बड़े पैमाने पर सामुदायिक एकजुटता अभियान है जिसके तहत ग्राम सपोस के हाट बाजार स्थल पर साफ-सफाई किया गया एवं वहां उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर, अपने घरों, गलियों अपने आस-पास को हमेशा स्वच्छ रखने हेतु आहवान किया गया। वहीं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम सपोस के प्राथमिक शाला एवं शास पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सक्ती वासु जैन, उपाध्यक्ष जिला पंचायत सक्ती कमल किशोर पटेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत डभरा श्रीमती अरूणा सिदार, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डभरा अंजू संजू पटेल, सरपंच महंगूराम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डभरा सी. के. आदिले, सचिव मोतीराम पटेल, कोमल पटेल, भोलाराम पटेल, सहायक विकास विस्तार अधिकारी, जनपद पंचायत डभरा सत्येन्द्र पटेल, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, तकनीकी सहायक, जनपद पंचायत डभरा और एन.आर.एल.एम. के सभी महिला स्व सहायता समूह के महिला सदस्य आदि उपस्थित थे।




एक पेड़ मां के नाम पौध लगाते जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon


राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., जेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॅब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इण्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

कोर्स स्पॉट काउंसलिंग
•DMLT- डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
•MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
•EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
•OT टेक्नीशियन
•डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजरपोस्ट
•ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन असिस्टेंस
•ड्रेसर • डिप्लोमा इन डेंटल असिस्टेंस
APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10वीं एवं 12वीं के छात्रों के लिए नर्सिंग में एक/द्वि वर्षीय कोर्स
100% नौकरी में सहयोगी पाठ्यक्रम
योग्यता 10वीं एवं 12वीं
सीमित सीट उपलब्ध
अस्पतालों या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियों के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
रजनीश बुक डिपो सामने, केरा रोड, तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर (छ.ग.) मो. 8770638375, 9399743304




# सीएम योगी की बायोपिक का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** उत्तरप्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ की बायोपिक बनकर तैयार है। फिल्म 'अजयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' का टीजर भी रिलीज हो चुका है। टीजर में योगी आदित्यनाथ के संन्यास लेने, योगी बनने और फिर राजनीति में आने की झलक है। फिल्म के डायलॉग भी दमदार हैं। फिल्म के टीजर में सबसे पहले उत्तराखंड के रहने वाले एक युवा अजय का जीवन दिखाया जाता है। कम उम्र में वह संन्यास लेकर योगी आदित्यनाथ बन जाते हैं। योगी के तौर पर वह उत्तरप्रदेश में बाहुबलियों का जंगलराज देखते हैं। ऐसे में प्रण लेते हैं कि प्रदेश को अपराध मुक्त करेंगे।

लाइफ Style

# खुशी

## बी-ग्रेड फिल्मों दिखाया हुनर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उर्फी जावेद और कंगना शर्मा के बाद अब इंटरनेट पर जो आलोचना का शिकार हो रहा है, वो है खुशी मुखर्जी। वह अपने अभद्र ड्रेसिंग के कारण सुर्खियों में छाई हुई हैं। फलक नाज से लेकर शिव छाकरे और जरीन खान तक ने उन्हें खरीखोटी सुनाई है। उनके पहनावे पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

मुंबई की सड़कों उनका अर्धनग्न अवस्था में घूमना, किसी को भी रास नहीं आ रहा है। खुशी मुखर्जी मुंबई में कई बार स्पॉट हुईं। कुछ वक्त तो उनके आउटफिट ने सीमा पार नहीं की, लेकिन जब वह अश्लील लिबास पहनकर मीडिया के सामने आईं तो हर कोई आगबबूला हो गया। लेकिन, उन्होंने खुद को डिफेंड किया और खुद की तुलना बॉलीवुड एक्ट्रेसेस से की। कुछ नाम लेकर सफाई दी कि वह उनसे इन्सपायर्ड हैं। खुशी मुखर्जी ने 'स्पिल्ट्सविला 10' और 'लव स्कूल 3' में किया था और इससे वह फेमस हुई थीं। इसके अलावा उन्होंने तमिल फिल्म 'अंजल थुरई' में भी काम किया था, जो कि 2013 में रिलीज हुई थी। वह तेलुगू फिल्म 'डोंगा प्रेमा' और 'हार्ट अटैक' जैसी मूवीज भी कर चुकी हैं। इतना ही नहीं, श्रृंगार के साथ बी-ग्रेड हिंदी फिल्मों में काम किया है। खुशी मुखर्जी ने टीवी शोज में भी काम किया है। वह 'बालवीर रिटर्न्स' में दिखाई दी थीं, जिसमें उन्होंने ज्वाला परी का रोल निभाया था। इसके अलावा, वह मैथोलॉजिकल शो 'कहत हनुमान जय श्री राम' में भी दिखाई दी थीं। वह एडल्ट थीम वीडियो, जैसे गांडू (2019), नूरी (2020), स्ट्रेंजर (2021) और 2024 में आए 'जंगल से दंगल' में फीचर हुई हैं। खुशी मुखर्जी का जन्म 24 नवंबर, 1996 को कोलकाता में हुआ है।



हॉलीवुड मसाला



# बम-बम गाने पर किया डांस

**लॉस एंजिल्स।** निक जोनस ने प्रियंका चोपड़ा का एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वो लंदन की सड़क पर खड़ी होकर डांस करती दिख रही हैं। इस वीडियो को देखकर लोगों ने खूब सारे कॉमेंट्स भी किए हैं। प्रियंका कैमरे के सामने 'बम बम' गाने पर मटकती दिख रही हैं। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस को फैंस ने समझ लिया 'न्यूली वेड कपल', कपल के देसी अंदाज ने जीता फैंस का दिल! निक जोनस एक बार फिर से प्रियंका चोपड़ा के चाहने वालों का दिल जीतते नजर आ रहे हैं।





# बॉक्स ऑफिस पर फीका पड़ा ब्रैड पिट का जादू...

**मुंबई।** हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की फॉर्मूला वन रेसिंग पर आधारित फिल्म 'एफ1' ने पहले दिन शुक्रवार को 5.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। फिल्म ने दूसरे दिन 7.75 करोड़ रुपए की कमाई की थी। 'एफ-1' ने तीसरे दिन रविवार को 8.15 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। फिल्म ने चौथे दिन सोमवार को 3.35 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। वहीं फिल्म का आज का कलेक्शन भी सामने आ चुका है। पांचवें दिन मंगलवार को फिल्म ने सिर्फ 2.8 करोड़ रुपए की कमाई की है, जो पहले दिन के मुताबिक काफी कम है। 'एफ1' ने कुल मिलाकर अब तक 27.55 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। हॉलीवुड फिल्म 'एफ1' का निर्देशन जोसेफ कोसिंस्की ने किया है।



# द राजा साब में कैमियो करती आएंगी नजर

**मुंबई।** करीना कपूर खान को लेकर लंबे समय से चर्चा रही है वह साउथ सिनेमा में डेब्यू करने वाली हैं। कुछ महीने पहले यह खबर भी आई थी कि वह संदीप रेड्डी वांगा की 'स्पिरिट' में प्रभास के अपोजिट कास्ट की गई हैं। लेकिन फिर पता चला कि दीपिका पादुकोण की जगह इस फिल्म में तृप्ति डिमरी को कास्ट किया गया है। अब करीना को लेकर एक बार फिर से नई खबर आई है। नई रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है वह 'द राजा साब' में प्रभास के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी! बताया जाता है कि 'द राजा साब' में करीना कपूर खान किसी किरदार में तो नजर नहीं आएंगी, लेकिन वो एक स्पेशल डांस नंबर करने जा रही हैं। हालांकि, इन खबरों पर मेकर्स या करीना की ओर से कोई पुष्टि नहीं की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस आइटम डांस नंबर में करीना और प्रभास साथ में थिरकते नजर आएंगे।



# शिव का किरदार निभाना चाहते हैं अर्जुन

**मुंबई।** अर्जुन रामपाल हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज 'राणा नायडू 2' में विलेन के रोल में नजर आए हैं। अक्सर अपने किरदार के साथ एक्सपेरिमेंट करने वाले अर्जुन इससे पहले भी ओम शांति ओम, रा वन और धाकड़ समेत कई फिल्मों में विलन की भूमिका निभा चुके हैं। लीड हीरो के तौर पर वे आखिरी बार 2017 में रिलीज हुई फिल्म डैडी में नजर आए थे। इसे उन्होंने प्रोड्यूस भी किया था। अब अर्जुन एक पौराणिक किरदार निभाने की चाह रखते हैं। एक बातचीत में उन्होने कहा कि मैं भगवान शिव का किरदार निभाना चाहूंगा। उनके व्यक्तित्व में गहराई है, एक रहस्य है। उस रोल को करने के लिए पूरी तरह से उसमें उतरना पड़ेगा और यही मुझे पसंद है। मैं इसे बेहद सादगी और ईमानदारी से दर्शकों के सामने पेश करना चाहूंगा।

टीवी मसाला



# द ग्रेट इंडियन कपिल शो में क्रिकेटरों ने की मजेदार बातचीत

**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' सीजन 3 के आगामी एपिसोड में भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर और खिलाड़ी ऋषभ पंत, अभिषेक शर्मा, युजवेंद्र चहल दिखाई देने वाले हैं। प्रोमो ने पहले ही फैंस के बीच उत्साह बढ़ा दिया है, जिसमें क्रिकेटरों और कपिल के बीच एक मजेदार बातचीत को दिखाया गया है। प्रोमो में कपिल शर्मा ने मजाकिया अंदाज में पूछा, 'ड्रेसिंग रूम का सीन कैसा है? क्या गौतम भाई आप सभी के साथ गंभीर हैं?' ऋषभ पंत हंसते हुए जवाब देते हैं, 'जब मैच में उतार-चढ़ाव होते हैं, तो हम सभी तनाव में होते हैं। इसमें कोई बड़ी बात नहीं है।' मजाकिया अंदाज में बीच में कूदते हुए गौतम गंभीर ने जवाब दिया, 'यह ऐसा है कि जब आपका शो अच्छा नहीं चलता है, तो आप कैसे प्रतिक्रिया देंगे?' इस एपिसोड में गौतम गंभीर ने मैदान पर अपनी तेजी के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'लोग अक्सर कहते हैं कि मैं मैदान पर लड़ता हूं। लेकिन, मैं किसके लिए लड़ रहा हूं? यह कभी अपने लिए नहीं होता - यह मेरे देश के लिए होता है।' इस पावर-पैक एपिसोड के लिए फैंस पहले से ही एक्साइटेड हैं। क्लासिक कपिल शर्मा के शो को फिर से जगाने के लिए उनकी जुगलबंदी की तारीफ की जा रही है। क्रिकेट स्टार्स और कपिल के सिग्नेचर ह्यूमर के साथ, यह एपिसोड जाहिर तौर पर यादगार होगा।

## शादी करने जा रहा टीवी का ये चहेता कपल

**मुंबई।** टीवी के सबसे चहेते कपल्स में शुमार करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश एक बार फिर अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। फैंस जहां लंबे समय से दोनों की शादी का इंतजार कर रहे हैं, वहीं अब रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स 2 में कुछ ऐसा हुआ जिसने सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया कि क्या अब वाकई 'तेजरन' शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं? लोगों को हंसाने वाला शो लाफ्टर शेफ्स 2 अब अपने अंतिम चरण में है। हाल ही में इस शो का एक नया प्रोमो सामने आया जिसमें गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पंडितों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। एपिसोड में जहां सभी कंटेस्टेंट्स खास व्यंजन बना रहे थे, वहीं कृष्णा अभिषेक का एक मजाकिया सवाल शो में चर्चा का विषय बन गया। प्रोमो में देखा गया कि कृष्णा अभिषेक ने पंडितों से कहा कि ये करण हैं अब शादी करने जा रहा है। जिसपर पंडित जी ने कहा कि शादी के बिना जीवन अधूरा है। इसके बाद कृष्णा मजाक करते हुए फिर कहते हैं कि अगर एक शादी से जीवन अधूरा है, तो क्या तीन-चार कर लेनी चाहिए?



# करण जौहर की फिल्म में विलेन बनेंगे मनीष पॉल!

**मुंबई।** बॉलीवुड में कई कलाकार ऐसे हैं जिन्होंने टीवी की दुनिया से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। इन्हीं कलाकारों में शामिल हैं, मनीष पॉल। मनीष पॉल पिछले दिनों करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म 'जुग जुग जीयो' में कियारा आडवाणी के भाई के रोल में नजर आए थे। अब मनीष पॉल ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में मनीष पॉल को पहचानना भी मुश्किल हो रहा है। लेकिन, मनीष की तस्वीरों से ज्यादा ध्यान खींचा है इन तस्वीरों पर उनके कैप्शन ने। जितना हैरान लोग मनीष पॉल के इस लुक को देखकर हुए हो रहे हैं। उतना ही चौंका रहा है, उन्हें मनीष पॉल का कैप्शन। एक्टर ने लिखा, 'किसी ने मुझे किया कॉन, मेरे बालों को किया गॉन। क्या होगा मेरा कर्मा, डिसाइड करेगा धर्मा।' इसके साथ ही मनीष पॉल ने करण जौहर को मेंशन करते हुए पूछा है क्या कहते हो केजो? मनीष पॉल का ये कैप्शन अब हर किसी का ध्यान खींच रहा है और हर किसी के मन में अब बस ये ही सवाल चल रहा है क्या मनीष पॉल करण जौहर की अगली फिल्म में नजर आने वाले हैं? क्या मनीष करण की अगली फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आने वाले हैं? वरुण धवन ने कमेंट करते हुए लिखा, 'इसके लिए बहुत ज्यादा उत्साहित हूं। लेकिन, बताऊंगा नहीं।' वरुण के इस कमेंट से ये साफ होता है कि मनीष पॉल का ये लुक किसी फिल्म के लिए है और वो जल्द ही किसी जबरदस्त किरदार में नजर आने वाले हैं।



# 77 साल की मुमताज हर 4 महीने में करवाती हैं फेस फिलर्स

**मुंबई।** अपने समय की खूबसूरत एक्ट्रेस मुमताज ने आज भी अपनी ब्यूटी को बरकरार रखा हुआ है। अब मुमताज ने बताया कि कैसे 77 साल की उम्र में वह चेहरे पर फिलर्स का इस्तेमाल करती हैं और उन्हें इससे कोई दिक्कत नहीं है। इसके अलावा उन्होंने अपनी फिटनेस का राज भी बताया है। कई एक्ट्रेसेस फिलर्स या फेस सर्जरी करवाती हैं। अब 1960 से 70 दशक की एक्ट्रेस मुमताज ने अपने फिटनेस रूटीन की बात की और साथ ही कॉस्मैटिक फिलर्स को लेकर भी अपनी बात रखी। मुमताज ने बताया कि कैसे 77 साल की उम्र में उन्होंने खुद को फिट रखा है। इसके अलावा उनका मानना है कि खूबसूरती को मेंटेन रखने के लिए जो लोग सर्जरी भी करवाते हैं, वो भी गलत नहीं है।



### कैसे रखती हैं खुद को फिट

मुमताज ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैं 7 बजे खाना खाती हूं, 1 घंटे तक वर्कआउट करती हूं और फिर प्रॉपर डाइट फॉलो करती हूं। अगर आप वर्कआउट नहीं करोगे तो आप अच्छे नहीं

### करवाती हैं फिलर्स

मुमताज ने आगे कहा, 'मैंने कभी फेसलिफ्ट नहीं किया है, लेकिन कभी जब मैं बहुत थक जाती हूं तो अपने चेहरे के राइट और लेफ्ट साइड फिलर्स करवाती हूं। उससे चल जाता है 1-2 महीना। मैं 4 महीने में एक बार करवाती हूं। अभी तक सर्जरी की जरूरत नहीं लगी है मुझे।'

### सब अच्छा और खूबसूरत दिखना चाहते हैं

*मुमताज ने आगे यंग एक्ट्रेसेस जो प्लास्टिक सर्जरी करवाती हैं इस पर कहा, 'अगर आपको लगता है कोई चीज कम है तो आप उसे ठीक कर सकते हो। ये कोई क्राइम नहीं है। सब अच्छा और खूबसूरत दिखना चाहते हैं। अगर मुझे लगा कि मुझे कुछ करवाने की जरूरत है, मैं भी कर सकती हूं। अगर मुझे प्लास्टिक सर्जरी भी करनी पड़ी तो मैं कर लूंगी। अगर इससे मैं और खूबसूरत हो सकती हूं तो क्यों नहीं।'*

### करना चाहती हैं कमबैक

*मुमताज की फिल्मों की बात करें तो वह लास्ट साल 1990 में रिलीज हुई फिल्म आंधियां में नजर आए थे। शादी के बाद उन्होंने एक्टिंग छोड़ दी थी। हालांकि, अब मुमताज कमबैक करना चाहती हैं। वह चाहती हैं कि उन्हें अच्छे रोल मिलें, लेकिन उनकी एक डिमांड है कि वह फिल्म में बुढ़ी का रोल नहीं करने वाली हैं। वह चाहती हैं कि जैसे वह दिखती हैं, उन्हें उस हिसाब से ही रोल मिले।*


## राम कपूर को अपने ट्रांसफॉर्मेशन के लिए ट्रोलर्स का करना पड़ा था सामना

# इस सेलेब ने कम किया 155 किलो वजन, कई दिग्गज एक्टर्स भी लिस्ट में शामिल

*नई दिल्ली। हाल ही में निर्माता करण जौहर को उनके लुक्स को लेकर काफी ट्रोल किया जा रहा है, क्योंकि उन्होंने अपना वजन कम किया है। इसके अलावा अभिनेता राम कपूर को भी अपने ट्रांसफॉर्मेशन के लिए ट्रोलर्स का सामना करना पड़ा था। ऐसे कई एक्टर्स हैं, जिनके लुक्स में अचानक बदलाव ने सभी को चौंका दिया था।*



**जरीन खान :** बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री जरीन खान, जिन्होंने सलमान खान अभिनीत 'वीर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उन्हें लोग शुरुआत में कैटरीना कहते थे, लेकिन बाद में वजन बढ़ने के कारण, उन्हें ट्रोलर्स का सामना करना पड़ा। फिर उन्होंने अपने ट्रांसफॉर्मेशन से सभी को करारा जवाब दिया था।



**सारा अली खान :** एक्ट्रेस सारा अली खान भी शुरुआती दिनों में काफी हेल्दी हुआ करती थी। उनका वजन एक समय 96 किलो था, फिर उन्होंने अपना वेट लॉस किया, जिसके लिए उन्होंने डेढ़ साल मेहनत की। आज के समय में अभिनेत्री को काफी फिट अभिनेत्रियों में शामिल किया जाता है। सारा अली खान ने 'केदारनाथ' फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

**भूमि पेडनेकर :** यहां हम आपको बता रहें उन एक्टर्स के बारे में, जिन्होंने अपना वजन कम करके लोगों को हैरत में डाल दिया। वहीं भूमि पेडनेकर एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने 'दम लगा के हईशा' के लिए काफी वजन बढ़ाया था। इस फिल्म में वह बहुत हेल्दी नजर आई थीं। हलांकि, इसके बाद भूमि पेडनेकर ने दोबारा वजन कम करके सभी को हैरान कर दिया था। उस समय अभिनेत्री का ट्रांसफॉर्मेशन चर्चा का विषय बना हुआ था।





**करण जौहर :** बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माता करण जौहर हाल ही में अपने लुक्स को लेकर खूब ट्रोल हो रहे हैं। बीते दिनों निर्माता ने 17 किलो वजन कम किया था, जिस कारण उनका हालिया लुक्स नेटिजंस को हैरान कर रहा है।



**राम कपूर :** टीवी और फिल्मों के चर्चित अभिनेता राम कपूर ने भी पिछले महीने हैरान करने वाला ट्रांसफॉर्मेशन किया। अभिनेता ने 18 महीनों में 55 किलो वजन कम किया। उनका गजब का ट्रांसफॉर्मेशन देखकर नेटिजंस ने उनपर वजन कम करने के लिए सर्जरी या दवाएं लेने का आरोप लगाया। हालांकि, अभिनेता ने खुलासा किया कि उन्होंने नेचुरल तरीके से 55 किलो वजन घटाया है, वो भी नॉर्मल डाइट और एक्सरसाइज करके।



**अदनान सामी :** इन सबमें सबसे हैरान करने वाला ट्रांसफॉर्मेशन मशहूर सिंगर अदनान सामी का रहा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गायक ने 155 किलो वजन कम किया था। पहले वो 230 किलो के थे, फिर बाद में वो 75 किलो के हो गए थे। इसके अलावा एक समय डॉक्टरों ने उनको सलाह दी थी कि अगर उन्होंने वजन कम नहीं किया, तो उनकी जान को खतरा हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक गणवेश किया गया वितरित



**देवरी-सारागांव।** बम्हनीडीह विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लच्छनपुर में शाला प्रवेश उत्सव एवं पुस्तक, गणवेश वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष बसंत सूर्या रहे, जिन्होंने बच्चों को नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान पाठक मयाराम कर्ष ने की। इस अवसर पर प्राथमिक शाला लच्छनपुर के प्रधान पाठक खीख राम मिरी, शिक्षक उपेन्द्र मिरी गोस्वामी, डोलनारायण राठिया, लक्ष्मीनारायण केवट उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश वितरण किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित विद्यालय आने व पढ़ाई में आगे बढ़ने की अपील की। विद्यालय परिवार एवं शिक्षकों ने बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में सभी शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### इकतालीस वर्षों की सेवा देकर सेवानिवृत्त हुए साहित्यकार महेश




**चांपा।** अंचल के साहित्यिक विभूति महेश राठौर 'मलय' उच्च शिक्षा विभाग में अपनी इकतालीस वर्षों की दीर्घकालीन सेवा देकर विगत 30 जून को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर शासकीय मयूरध्वज महादानी राजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांपा से प्रयोगशाला शिक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। श्री मलय ने अपनी शासकीय सेवा अनुशासित एवं वक्त का पाबंद रहकर पूर्ण समर्पण, निष्ठा एवं ईमानदारी से पूरी की। उन्होंने अपने कर्तव्य निर्वहन के आगे बाकी बातों को गौण रखा। चांपा महाविद्यालय परिवार ने उन्हें इस अवसर पर अत्यंत गरिमामय और आत्मीयतापूर्ण वातावरण में सम्मान सहित विदाई दी। आदर्श और सिद्धांत की कसौटी पर जीने वाले महेश राठौर 'मलय' युवा पीढ़ी के लिए हमेशा ही प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। कोमल स्वभाव, मधुर वाणी, संवेदनशीलता और सद्विचारों से आभूषित कवि मलय जी को अक्षर साहित्य परिषद, चांपा और शील साहित्य परिषद, जांजगीर के साहित्यकारों ने उनकी सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं दी हैं।

### ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स ने दिया बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ के तहत साइकिल




**सक्ती।** आंल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी एम -1 संपदा सक्ती क्लब की डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लीनेस पूनम साहू ने अपने डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ के तहत शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में एक जरूरतमंद बेटी को जो गांव से आती है उसको आने जाने में कोई तकलीफ़ न हो और वो पढ़ सके इस लिए उसके मां एवं स्कूल स्टाफ के सामने सायकल दिया और कहा कि बेटी को शिक्षा का है अधिकार बेटी पढ़ेंगी तो बढ़ेगी , अगली पीढ़ी और राष्ट्र विकास में सहयोग देगी इस अवसर पर लीनेस अनीता सिंह,कलेश्वरी साहू, प्रिंसपल श्रीमती सरोजनी लकड़ा, प्रधान पाठक, श्री मती श्याम बाई राठौर ,सुकृता जायसवाल छात्रा लक्ष्मी सिदार, माता पंचमती एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### एबीईओ थवाईत को मिला बीईओ का प्रभार



**बिर्रा।** काफी संघर्ष करने के बाद बम्हनीडीह एबीईओ श्रीमती रत्ना थवाईत को बीईओ का प्रभार मिला है। बम्हनीडीह शिक्षा विभाग में एबीईओ रत्ना थवाईत को बीईओ नहीं बनाकर जांजगीर चांपा डीईओ अश्वनी कुमार भारद्वाज ने अपने मनपसंद नजदीक बलौदा ब्लाक के एबीईओ ललित जाटवर बम्हनीडीह बीईओ का चार्ज दिया गया जबकि बम्हनीडीह एबीईओ रत्ना थवाईत को चार्ज नहीं दिया गया और अन्यत्र ब्लाक के एबीईओ को बम्हनीडीह बीईओ का चार्ज दिया जाना अनभिज्ञता को दर्शाता है। बम्हनीडीह एबीईओ रत्ना थवाईत ने बीईओ का चार्ज के लिए काफी संघर्ष भी किया तथा समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद एबीईओ रत्ना थवाईत ने कलेक्टर जन्मेजय महोबे के समक्ष उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और मामला को संज्ञान में लेकर कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने तत्काल डीईओ अश्वनी कुमार भारद्वाज को आदेश प्रसारित कर बम्हनीडीह एबीईओ रत्ना थवाईत को बीईओ का चार्ज दिया जाएं। एक जुलाई मंगलवार 2025 को डीईओ ने आदेश जारी किया गया कि बम्हनीडीह एबीईओ रत्ना थवाईत को बीईओ का चार्ज दिया जाएं।

### श्मशान घाट में बारिश के कारण चारों ओर कीचड़ और भरा है पानी

# मरने के बाद भी नहीं मिल रहा सुकून बरसते पानी में हो रहा अंतिम संस्कार



पक्कामुक्तिधाम नहीं होने से बरसते पानी में टीन लगाकर अंतिम संस्कार करते परिजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फगुरम

पक्का मुक्तिधाम नहीं होने होने से बरसते पानी के बीच अंतिम संस्कार करने नगरवासी विवश है। ऐसा भी नहीं है कि इस बात की जानकारी जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों को न हो। इसके बावजूद भी समस्या बनी हुई है। हाल ही इस तरह का मामला नगर पंचायत अड़भार वार्ड क्रमांक-14 में आया है। यहां पक्कामुक्तिधाम नहीं होने से बरसते पानी में यहां टीन लगाकर मृत व्यक्ति का परिजनों ने अंतिम संस्कार किया।

ज्ञात हो कि अड़भार नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 हरदी में पक्का मुक्तिधाम नहीं होने से बरसात के मौसम में एक दिवंगत को टीन के नीचे अंतिम संस्कार किया गया। यहां बारिश के कारण चारों ओर कीचड़ और पानी भरा हुआ है। ऐसे में शोकाकुल परिजन मृतक का अंतिम संस्कार खुले में नहीं कर पाए। मजबूरी में टीन लगाकर अंतिम संस्कार करना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जनप्रतिनिधि और प्रशासन से पक्का मुक्तिधाम बनवाने की मांग की गई, लेकिन हर बार आश्वासन देकर मामले को टाल दिया गया। स्थानीय बुजुर्गों का कहना है कि अंतिम यात्रा को सम्मानजनक रूप से संपन्न करना हर व्यक्ति का अधिकार है लेकिन बुनियादी ढांचे की कमी ने यह अधिकार भी छीन लिया है।

### खुले में जल रही चिता पानी गिरने से बुझी

**अकलतरा।** ग्राम बाना में खुले में जल रही चिता पानी गिरने से बुझ गई। परिजनों के समक्ष चिता के ऊपर पन्नी टांगकर दोबारा जलाए जाने की मर्माहत करने वाली स्थिति उत्पन्न हो गई।



जानकारी मिलने पर विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा ग्राम बाना में मुक्तिधाम निर्माण के लिए तत्काल 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई। अकलतरा विकासखंड से महज 8-10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य गांव में मुक्तिधाम के अभाव में पन्नी टांगकर किसी का अंतिम संस्कार करना शासन के दावों की पोल खोलने के लिए पर्याप्त है। अपने कटनी प्रवास से अकलतरा लौटते ही क्षेत्रीय विधायक राघवेंद्र कुमार ने इस घटना को गंभीरता से लिया और तत्काल गाँव के सरपंच प्रिया चंद्र प्रकाश मिरी को बुलाकर वर्ष 2025-26 की विधायक निधि से 5 लाख की राशि से मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय निर्माण की अनुशंसा की। विधायक राघवेंद्र कुमार का कहना है कि यह एक अत्यंत दुःखद घटना है। ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए मेरे द्वारा त्वरित निर्णय लेते हुए बाना में मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय निर्माण 5 लाख रुपए स्वीकृत कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि पिछले वर्ष इसी गांव के एक भूतपूर्व सैनिक लक्ष्मी प्रसाद कंवर की पत्नी चंद्र नैना की मौत बारिश के मौसम में हुई थी तब भी इसी तरह पन्नी तानकर अंतिम संस्कार किया गया था।

### सकर्री में पक्का मुक्तिधाम नहीं, टीन के नीचे अंतिम संस्कार



**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत बुंदेली के आश्रित ग्राम सकर्री में 1 जुलाई को रवि गबेल नामक युबक का आकस्मिक मृत्यु हो गया इस दिन झमाझम बारिश हो रही थी। गांव में पक्का शव दाह गृह शेड नहीं है। ऐसे में ग्रामीणों ने अस्थाई तीन शेड तैयार किया। इसके बाद शव को लेकर पहुंचे जहां घर वालों द्वारा उनका अंतिम संस्कार किया गया। यहां पक्का मुक्तिधाम नहीं होने से बरसात के दिनों में किसी की मृत्यु होने पर ग्रामीणों को अंतिम संस्कार करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सरपंच मुकेश कुमार सारथी का कहना है कि ग्राम पंचायत की बैठक में सकर्री में शवदाह शेड बनाए जाने के लिए प्रस्ताव किए हैं।

# गली कूचों में चल रहा डिग्री बांटने का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

■ छात्रवृत्ति देने का भी कर रहे दावा, जांच की दरकार

सक्ती क्षेत्र में निजी विश्वविद्यालय का इन्फोर्मेशन सेंटर का बोर्ड लगाकर उसकी आड़ में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लालच देकर फर्जी तरीके से एडमिशन कराया जा रहा है। जहां पढ़ाई नाममात्र का ही कराया जाता है और इस तरह विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। साथ ही शासन को करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति कल्याण विभाग के द्वारा 12 वीं के बाद किसी विश्वविद्यालय में रेगुलर पढ़ाई करने वालों विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। प्रत्येक महाविद्यालय और विश्वविद्यालय में प्रत्येक कोर्स की शासन द्वारा निर्धारित सीट में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है, लेकिन किसी कंप्यूटर सेंटर के विद्यार्थियों को किसी भी स्थिति में छात्रवृत्ति नहीं दी जा सकती। यहां नियमों को ताक में रखते हुए इन फर्जी कंप्यूटर सेंटरों के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में रेगुलर प्रवेश दिखाया जाता है और निर्धारित सीट से कई गुना विद्यार्थियों को विभाग में सांठगांठ कर फर्जी तरीके से छात्रवृत्ति दिलाई जा रही है। निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के नियम में स्पष्ट कहा गया है कि निजी विश्वविद्यालय प्रदेश में कहीं भी अपना इन्फोर्मेशन सेंटर/स्टडी सेंटर नहीं संचालित कर सकेगी। इस संबंध में संबंधित विश्वविद्यालय से भी पता चला है कि सक्ती, मालखरौदा, चांपा, जांजगीर में उनका कोई भी इन्फोर्मेशन सेंटर नहीं है। इस तरह के फर्जी कंप्यूटर सेंटर स्टेशन रोड सक्ती, नवधा चौक, गोवडिन कालोनी, बाराद्वार रोड चांपा के तहसील रोड, कॉलेज रोड सहित अन्य कई स्थानों पर संचालित हो रहे है। इनके अलावा कई कॉमन सर्विस सेंटर वाले भी इस तरह की फर्जीवाड़ा में लगे हुए हैं। इस संबंध में कई शिक्षाविदों ने कहा कि विद्यार्थियों को सोच समझकर प्रतिष्ठित कंप्यूटर संस्थान में प्रवेश लेना चाहिए, केवल और केवल फर्जी छात्रवृत्ति के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए, बल्कि ऐसे कंप्यूटर संस्थान के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जानी चाहिए जो शासन को करोड़ों रुपए चूना लगाते हुए अपना कमाई कर रहे हैं और विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

# पुलिस ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं व सुझावों को जानने करेगी प्रयास



**फगुरम।** ज़िले की पुलिस ने विश्वास यात्रा - जहां गांव, तहां थाना नामक एक विशेष जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ किया है। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास को सुदृढ़ करना एवं संवाद की प्रक्रिया को सशक्त बनाना है, अभियान के अंतर्गत प्रत्येक थाना क्षेत्र के सभी ग्रामों को सप्ताह के सात दिनों में बांटा गया है, जिससे पुलिस टीम हर गांव का कम से कम सप्ताह में एक बार भ्रमण कर सके। इस दौरान पुलिस टीम ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं व सुझावों को जानने का प्रयास करेगी। प्रत्येक दिन एक लिंक अधिकारी नियुक्त किया गया है जो अपनी टीम के साथ संबंधित ग्राम में जाकर विश्वास यात्रा के तहत संवाद करेगा। इस अभियान की निगरानी कंट्रोल रूम द्वारा की जाएगी और प्रतिदिन की गतिविधियों को दैनिक स्थिति रिपोर्ट में दर्ज किया जाएगा । इस अभियान का व्यापक प्रचार थानों व पंचायत भवनों में फ्लेक्स बैनर के माध्यम से किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणजन जागरूक हों और अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले सकें, सक्ती पुलिस ने इस पहल के माध्यम से संवेदनशील, उत्तरदायी एवं जनकेंद्रित पुलिसिंग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

### सहायक शिक्षकों को अब तक नहीं मिला वेतन

**बिर्रा।** रायपुर एसबीआई का लिंक फेल होने का हवाला बताकर सहायक शिक्षक का 2 जुलाई देर शाम तक शिक्षक के खाता में वेतन का भुगतान नहीं होने के कारण सभी शिक्षक शिक्षिकाओं में भारी रोष व्याप्त है। बम्हनीडीह शिक्षा शाखा में हर माह के 29,30तारीख को सभी स्कूल के शिक्षक का वेतन खाता में जमा हो जाता था परन्तु इस बार जून 2025 का सभी प्रधानपाठक को 28 जून को वेतन भुगतान भी हो गया किन्तु सहायक शिक्षक का वेतन 30 जून तक नहीं डाला गया। बुधवार 2 जूलाई को सहायक शिक्षक के वेतन खाता में जमा नहीं हो पाया है। बताया जाता है कि जिला कोषालय शाखा में मानदेय जमा होने के बावजूद भी अभी तक 2 जुलाई तक शिक्षक के खाता में राशि जमा नहीं होने के कारण शिक्षक की परेशानी बढ़ गई है। सहायक शिक्षकों ने शीघ्र ही वेतन भुगतान करने की मांग की है।

# सभी को कम से कम एक पौधा जरुर लगाना चाहिए : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

■ भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत किया गया पौधारोपण

भाजपा ग्रामीण मंडल अकलतरा द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पड़रिया में किया गया ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सौरभ सिंह ने कहा कि आप सभी अपने घरों में जाकर एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं। पेड़ आप जितना ज्यादा लगायेंगे उतना अच्छा है लेकिन एक पेड़ तो आप सभी को जरूर लगाना है। हो सकें तो सागौन के पेड़ घर के बाड़ी में लगाइए और उसको अपने ऋृण पुस्तिका में जाकर अंकित करा लीजिए, उसके बाद वन विभाग सही समय आने पर खुद उसे काटकर ले जायेगा जिसके आपको रुपए भी मिलेंगे। यह लंबे समय का निवेश है जो आपको फायदा ही देगा। क्षेत्रवासी अपने घर के आंगन में फलदार पेड़ भी लगा सकते हैं जैसे कटहल, आम मुनगा आदि जो आपको मौसमी सब्जियां और फल उपलब्ध करायेगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी, जिला पंचायत सदस्य महादेव नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुन देव अघरिया, भाजपा ग्रामीण मंडल अकलतरा अध्यक्ष पवन यादव, महामंत्री सुबोध थवाईत, जितेंद कौशिक, जनपद सदस्य गोमती कंवर, मन्नू पटेल,सानू सिंह द्वारा भी पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेमसागर कश्यप , देव कुमार अघरिया,भाजपा मण्डल मंत्री ललित सोनी,युवा मोर्चा महामंत्री पुष्पेंद्र थवाईत, राधेश्याम साहू, कर्मवीर कश्यप उपस्थित थे।



पौधरोपण करते विधायक सौरभ सिंह एवं अन्य।

# पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है प्लास्टिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

■ शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में 3 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस बीआरसी एच के बेहार के मार्गदर्शन में शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष राजू साहू, सरपंच प्रतिनिधि रामस्वरूप कश्यप, प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे, शिक्षकों छात्र छात्राओं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मनाया गया।

प्रभारी प्रधानपाठक उमेश कुमार दुबे ने बताया कि यह दिन प्लास्टिक प्रदूषण के गंभीर मुद्दों और भूमि से लेकर समुद्री जीवन तक प्राकृतिक पर्यावरण के लिए इसके गंभीर खतरे के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। यह दिन प्लास्टिक की थैलियां के पर्यावरणीय प्रभाव पर प्रकाश डालता है जो प्रदूषण में योगदान करते हैं, वन्य जीवों को नुकसान पहुंचाते हैं और विघटित होने में सैकड़ो वर्ष लगते हैं। सद्दाम हुसैन ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण के बारे में जागरूकता बढ़ाने और व्यक्तियों व्यवसायों और सरकारों को अधिक पर्यावरण पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने का अवसर है। शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष राजू साहू,सरपंच प्रतिनिधि रामस्वरूप कश्यप ने कहा कि भारत को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग को कम करके टिकाऊ विकल्पों का चयन करके कचरे का उचित तरीके से निपटान करके और सफाई अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेकर व्यक्ति भारत में प्लास्टिक कचरे को कम करने में योगदान दे सकते हैं। शिक्षक पीतांबर प्रसाद कश्यप ने बताया कि दुनिया का पहला पूरी तरह से सिंथेटिक प्लास्टिक बैक लाइट था जिसका आविष्कार 1907 में न्यूयॉर्क में लियो बेकलैंड किया था जिन्होंने प्लास्टिक शब्द गढ़ा था। शिक्षक टीकाराम गोपालन ने बताया कि प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए जब भी घर से बाजार निकले कपड़ा या जूट बैग साथ लेकर अवश्य जाएं। यदि दुकानदार पॉलिथीन में सामान दे रहा है इसका विरोध करें और आगे से उसे पॉलिथीन प्रयोग न करने की सलाह दें ना खुद और ना ही दूसरों को प्लास्टिक बैग का उपयोग करने दें । कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कैलाश खूंटे ने किया।



# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता मिरी द्वारा शासकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया और जिन स्कूलों में किताबें या अन्य चीजे नहीं थी उसे बीईओ अकलतरा से कहकर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

औचक निरीक्षण की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता मिरी ने अपने गृह ग्राम कोटमी सोनार के शासकीय पूर्व माध्यमिक, प्राथमिक शाला बाजार पारा से की। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिया कि स्कूलों में बच्चों को तकलीफ़ ना हो और पढ़ाई का माहौल अच्छा रहे बच्चों को किसी तरह की तकलीफ़ में उन्होंने तुरंत खुद से संपर्क करने का निर्देश दिया है साथ ही उन्होंने बच्चों से भी संवाद किया। उन्होंने शिक्षकों को नियमित समय पर आकर अध्यापन कार्य कराने के साथ ही साफ-सुथरा और पौष्टिक मध्याह्न भोजन दिए जाने का निर्देश दिया । उन्होंने ग्राम पंचायत करहीडीह के शासकीय प्राथमिक शाला ,ग्राम भैंसतरा का प्राथमिक शाला सबरिया डेरा ,पूर्व माध्यमिक शाला भेंसतरा, बुचीहरदी के पूर्व माध्यमिक शाला का भी अचौक निरीक्षण किया ।इस स्कूलों में भी मध्यान भोजन, शिक्षा में गुणवत्ता लाने शिक्षकों को निर्देश दिये।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पवन यादव, महामन्त्री सुबोध थवाईत, ललित सोनी ,अनुराग मधुकर उपस्थित रहे ।



निरीक्षण के दौरान बच्चों से पुस्तक पढ़वाती जिला पंचायत अध्यक्ष।

### चिकित्सक व सीए के सम्मान समारोह के साथ दंत परीक्षण शिविर

# चिकित्सकीय पेशा सेवा भावना के साथ किया जाने वाला कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

स्थानीय लायंस क्लब चांपा की नवीन सत्र 2025-26 की नवीन इकाई द्वारा लायन लायनेस्टिक वर्ष 2025-26 के प्रथम दिवस तथा डॉक्टर्स व सी. ए. डे के अवसर पर मंगलवार 1 जुलाई को लायंस भवन में चिकित्सकों और सी.ए. के सम्मान के साथ ही लायंस स्कूल के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

सुबह 11 बजे से आयोजित कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम डॉक्टर्स डे एवं सी. ए. डे के अवसर पर डॉ. के. पी. राठौर, डॉ. व्ही. एन. बिरथरे, डॉ. श्रीमती शरद बिरथरे, डॉ. व्ही. के. अग्रवाल, डॉ. जी. पी. दुबे, डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ. श्रीमती शिरीन सिंह, डॉ. श्रीमती वर्षा सराफ तथा सी. ए. लायन सुरेश अग्रवाल का पुष्प गुच्छ भेंट कर व हार पहनाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर चिकित्सकों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि डॉक्टरों की जवानी का अधिकतम समय अपना कैरियर बनाने में व्यतीत हो जाता है। चिकित्सक बनना कभी भी आसान नहीं रहा है जिसमें संघर्ष बहुत ज्यादा है। चिकित्सकीय पेशा सेवा भावना के साथ किया जाने वाला कार्य है जिसे पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी से पूर्ण कर मरीजों के भरोसे पर खरा उतरना पड़ता है। उन्होंने इस दौरान मौसमी बीमारियों से बचकर रहने का भी आग्रह सभी लायन सदस्यों तथा विद्यार्थियों से किया। इस मौके पर दंत चिकित्सक डॉ. श्रीमती वर्षा सराफ ने स्कूल में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों का दंत परीक्षण किया। साथ ही उन्हें जरूरी परामर्श भी दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल, लायन डॉ. जी. पी. दुबे तथा लायन राजेश अग्रवाल के जन्म दिवस पर उनसे केक कटवाकर जन्म दिन की सभी लायन सदस्यों ने शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संतोष कुमार अग्रवाल तथा अंत में आभार प्रदर्शन क्लब अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने किया। इस दौरान लायन बैजनाथ देवांगन, लायन मोहन गुलाबानी, लायन नंदकुमार देवांगन, लायन राजेश अग्रवाल (के. सी.), लायन रामप्रपन्न देवांगन, लायन विनोद कुमार अग्रवाल तथा लायन वासुदेव देवांगन मौजूद थे।



डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों का सम्मान करते लायन पदाधिकारी।

online Booking:-www.tripuryatra.com


25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, माँ मनोकामना देवी, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ , जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/- , 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST )
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411